NYC Department of Health & Mental Hygiene | Department of Consumer and Worker Protection | Department of Finance | SHERIFF CITY OF NEW YORK

थोक विक्रेताओं और वितरकों के लिए फ्लेवर्ड तंबाकू और ई-सिगरेट संबंधी मार्गदर्शन

जून 2024 में, NYC स्वास्थ्य विभाग (NYC Health Department) ने न्यूयॉर्क शहर के प्रशासनिक कोड के सेक्शन 17-715 के मुताबिक, NYC में स्थित थोक विक्रेताओं और वितरकों को शहर के बाहर स्थित व्यापारियों को फ्लेवर्ड उत्पाद बेचने से रोकने के लिए न्यूयॉर्क शहर के नियमों में संशोधन किया है। **अब**, विक्रेताओं और वितरकों पर किसी भी व्यापार को, चाहे वो शहर के अंदर स्थित हो या बाहर, फ्लेवर्ड ई-सिगरेट और ई-लिक्विड बेचने और तंबाकू बार के अलावा किसी भी व्यापार को फ्लेवर्ड तंबारू उत्पाद बेचने से रोक लगा दी गई है। नीचे अपडेट किए नियम देखें।

§ 28-02 फ्लेवर्ड तंबाकू उत्पादों, फ्लेवर्ड इलेक्ट्रोनिक सिगरेट, और फ्लेवर्ड ई-लिक्विड्स की बिक्री या बिक्री की पेशकश वर्जित की गई है।

(a) केवल निम्नलिखित संस्थाएं ही फ्लेवर्ड तंबाकू उत्पादों की बिक्री या बिक्री की पेशकश कर सकती हैं:
- (1) तंबाकू बार; और
- (2) तंबाकू के थोक विक्रेता, लेकिन केवल वहीं पर, जहां बिक्री या बिक्री की पेशकश तंबाकू बार में की गई हो।

(b) फ्लेवर्ड इलेक्ट्रोनिक सिगरेट, और फ्लेवर्ड ई-लिक्विड्स की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

(c) वे तंबाकू उत्पाद, जो मेंथॉल, पुदीने और विंटरग्रीन के अलावा किसी और फ्लेवर वाले नहीं हैं, वो प्रशासनिक कोड के § 17-715 में दिए गए बिक्री पर प्रतिबंध या इन नियमों के अधीन नहीं हैं, और उन्हें कानूनी तौर पर तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंसधारी किसी भी रिटेल डीलर या थोक विक्रेता डीलर द्वारा बेचा जा सकता है, चाहे बिक्री तंबाकू बार में हो या नहीं।

थोक विक्रेता और वितरक यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा सकते हैं कि रीटेलर कानून का पालन करते हैं। अनुपालन थोक विक्रेताओं और वितरकों के साथ-साथ रिटेलरों की मदद करता है क्योंकि इससे वापस आने वाली शिपमेंट्स में कमी आती है और उल्लंघनों के लिए कानूनी जिम्मेदारियों से बचा जा सकता है। यह नया नियम अमल को स्पष्ट और आसान बनाएगा।

थोक विक्रेता और वितरक NYC और न्यूयॉर्क राज्य के नियमों का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं। फ्लेवर्ड उत्पाद बेचने, बिक्री के लिए उनकी पेशकश करने, या उन्हें बेचने के इरादे से अपने पास रखने या बिक्री के लिए उन्हें पेश करने के लिए, उन पर NYC प्रशासनिक कोड के सेक्शन 17-715 के उल्लंघन में, एन्फोर्समेंट कार्रवाई हो सकती है।

इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए:
- NYC में किसे फ्लेवर्ड तंबाकू उत्पाद या ई-सिगरेट माना जाता है, इस वेबसाइट पर जाएं on.nyc.gov/prohibited-smoking-products
- अन्य NYC तंबाकू और ई-सिगरेट कानून, nyc.gov/health पर जाएं और tobacco laws (तम्बाकू कानून) खोजें या **311** पर फोन करके बताएं कि आप तंबाकू या ई-सिगरेट रिटेलर हैं